**सोमवार**
09 मई 2022



पृष्ठ 4
**गर्मियों में होती है पेट की समस्या, तो करें पुदीने का सेवन**



पृष्ठ 5
**कंगना रनौत के नए वीडियो को देख उड़े लोगों के होश**




- देहरादून
- वर्ष 30
- अंक 99
- पृष्ठ 8
- मूल्य ₹ 1.00

# दूनवैली मेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त


**आज का विचार**

जैसे सूर्योदय के होते ही अंधकार दूर हो जाता है वैसे ही मन की प्रसन्नता से सारी बाधाएँ शांत हो जाती हैं।
– अमृतलाल नागर

# नामांकन से पूर्व धामी का रोड शो, शक्ति प्रदर्शन



विशेष संवाददाता

चंपावत। चंपावत उपचुनाव के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज अपना नामांकन पत्र भर दिया है। नामांकन से पूर्व सीएम ने 60 किलोमीटर लंबा रोड शो किया और इस शक्ति प्रदर्शन में भाजपा ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी।

तय कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री धामी आज खटीमा से चंपावत के लिए निकले। इस अवसर पर सीएम ने पहले मां पूर्णागिरी मंदिर जाकर दर्शन किए व जीत का आशीर्वाद मांगा और फिर बनबसा से चंपावत तक उन्होंने अपनी खुली कारों के काफिले के साथ 60 किलोमीटर लंबा रोड शो किया। इस रोड शो के लिए भाजपा ने पहले ही सारी तैयारियां कर ली थी। टनकपुर, बनबसा, अल्मोड़ा से होता हुआ उनका काफिला दोपहर को चंपावत पहुंचा। रोड शो के हर

**❑बनबसा से चंपावत तक सीएम का भव्य स्वागत**
**❑चंपावत के विकास के लिए संकल्पबद्धः धामी**

पड़ाव पर भाजपा ने पहले ही अपने नेताओं और कार्यकर्ताओं को तैनात किया जा चुका था जहां बड़ी संख्या में उन्होंने समर्थकों को जुटा रखा था, जगह-जगह लोगों ने फूल मालाएं पहनाकर सीएम का स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उन्हें मां गंगा और मां पूर्णागिरि ने जनता की सेवा के लिए बुलाया है उन्होंने कहा कि वह चंपावत के लोगों की सेवा के लिए आए हैं तथा उन्हें हर वर्ग का आशीर्वाद और समर्थन मिल रहा है। उन्होंने इस अवसर पर लोगों को भरोसा दिलाया कि वह चंपावत के विकास के लिए संकल्पबद्ध है।

चंपावत उपचुनाव के जरिए भाजपा जीत का एक नया रिकॉर्ड बनाने की रणनीति पर काम कर रही है सीएम पुष्कर सिंह धामी अपने लिए सीट छोड़ने वाले कैलाश गहतोड़ी के साथ पहले भी एक रोड शो कर चुके हैं। इस सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए 11 मई तक नामांकन पत्र भरे जाएंगे तथा 31 मई को मतदान होना है 3 जून को मतगणना होगी और चुनाव परिणाम आएगा। आज के इस रोड शो और नामांकन कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम से लेकर केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट, सांसद अजय टम्टा, कैलाश गहतोड़ी, काबीना

◀◀ शेष पृष्ठ 8 पर

# सीएम को पता था कि खटीमा से हार जाएंगे तो क्यों लड़ेः गरिमा

विशेष संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पर झूठ बोलने व मनगढ़ंत कहानियां सुनाने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस नेत्री गरिमा दसौनी ने कहा कि जब उन्हें पता था कि खटीमा से वह चुनाव हार जाएंगे तो वह खटीमा से चुनाव लड़े ही क्यों? 70 विधानसभा सीटें थी वह कहीं से भी चुनाव लड़ सकते थे।

गरिमा दसौनी ने यह बात मुख्यमंत्री द्वारा आज चंपावत में अपनी जनसभा में कही उस बात के जवाब में कही जिसमें सीएम ने कहा था कि सर्वे में ही पता चल गया था कि हम खटीमा में चुनाव हार रहे हैं। मुझे केंद्रीय नेतृत्व ने खटीमा से चुनाव लड़ने से मना भी किया था लेकिन मेरी ही जिद थी कि खटीमा से ही लड़ूंगा। मुख्यमंत्री के इस बयान पर कांग्रेस नेत्री गरिमा दसौनी ने कहा कि सीएम झूठ बोलते हैं क्या कोई हारने के लिए भी चुनाव लड़ता है। वह अपनी हार पर अपना महिमामंडन करना चाहते हैं कि उन्होंने पार्टी की जीत के लिए खुद की हार स्वीकार कर ली।

गरिमा का कहना है कि जब वह

**❑कांग्रेस कड़ी चुनौती देगी मुख्यमंत्री धामी को**

खटीमा से चुनाव हारे थे तब भी मुख्यमंत्री थे फिर अब वह मुख्यमंत्री होते हुए चुनाव क्यों नहीं हार सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमने प्रदेश में अब तक कई मुख्यमंत्रियों को चुनाव हारते हुए देखा है। उन्होंने कहा कि भाजपा के दावा करने से ही सब कुछ नहीं होता है जनता क्या करती है इसका किसी को क्या पता है। उनसे जब धामी के मुकाबले में कांग्रेस द्वारा चुनाव मैदान में उतारी गई निर्मला गहतोड़ी के बारे में पूछा गया कि क्या वह धामी को टक्कर दे सकेंगी तो उन्होंने कहा कि क्यों नहीं दे पाएंगे? कांग्रेस ने उन्हें पूरी सूझबूझ के साथ चुनाव में उतारा है। इस सीट पर महिला मतदाताओं की संख्या तो अधिक है ही साथ ही ब्राह्मण मतदाताओं का वोट भीं मिलना तय है। कांग्रेस उन्हें पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़वाने जा रही है। उन्होने कहा कि भाजपा को अगर अपनी जीत उतनी ही आसान दिख रही है तो भाजपा के नेताओं का चंपावत में जमावड़ा क्यों हैं?


# एनआईए ने दाउद इब्राहिम के करीबियों के 20 ठिकानों पर की छापेमारी

मुंबई। मुंबई के २० ठिकानों पर नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने छापा मारा है। ये २० ठिकाने दाऊद के शार्प शूटर्स, तस्करों, डी-कंपनी के रियल एस्टेट मैनेजर से जुड़े हैं। इसके अलावा कई हवाला ऑपरेटर्स पर भी छापेमारी हुई है। मुंबई के नागपाड़ा, गोरेगाव, बोरीवली, सांताक्रुज, मुम्ब्रा, भिंडी बजार में छापेमारी शुरू हो चुकी है। कई हवाले ऑपरेटर ,ड्रग्स तश्करी और कई ऐसे लोग है जो दाऊद से जुड़े हुए थे। फरवरी माह में जो मामला दर्ज किया गया था, एनआईए उसी के आधार पर रेड कर रही है। बताया जा रहा है कि गृह मंत्रालय के आदेश पर एनआईए ने दाऊद और डी कंपनी के खिलाफ केस दर्ज किया था, जिसे लेकर अब जांच और छापेमारी की कार्रवाई चल रही है। सूत्रों के मुताबिक, एनआईए दाऊद और डी कपंनी पर ही नहीं बल्कि छोटा शकील, जावेद चिकना, टाइगर मेनन, दाऊद की बहन हसीव पारकर मृत) से जुड़ी गतिविधियों पर भी कार्रवाई करेगी। एनआईए के मुताबिक भारत में कई स्थानों पर छोटा शकील, जावेद चिकना, इकबाल मिर्ची और अन्य लोगों के साथ मिलकर दाऊद ने अपना नेटवर्क खड़ा किया था। यह लोग रसूखदार, बिजनेसमैन को अपना निशाना बनाते थे। एनआईए के अधिकारियों ने बताया कि इससे पहले भारतभर में हुई कई राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में दाऊद की संलिप्तता के बारे में हमारे साथ जानकारी साझा की गई थी। गौरतलब है कि पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई ने उसके गिरोह का इस्तेमाल करके मुंबई को दहलाया था।

# देश में एक दिन में कोरोना से 29 लोगों की मौत, 3 हज़ार से ज्यादा लोग संक्रमित

नई दिल्ली। भारत में कोरोना संक्रमण के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। यहां वायरस से संक्रमित होने वाले मरीजों का दैनिक आंकड़ा ३ हज़ार से ऊपर बना हुआ है। बीते एक दिन में कोरोना के ३ हज़ार से ज्यादा मामले सामने आये है। वहीं २६ मरीजों की मौत हुई है। देश में एक्टिव केस की संख्या भी २० हज़ार से ऊपर बनी हुई है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा सोमवार सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार, देश में पिछले २४ घंटे में कोरोना वायरस के ३,२०७ नए मामले सामने आए। वहीं इस दौरान २६ नए मरीजों की मौत हुई। पिछले २४ घंटे में कोरोना से ३,२०७ लोगों के संक्रमित होने के बाद देश में अब तक का संक्रमित आंकड़ा ४, २५, ६०, ७०२ हो गया है।



वहीं इस दौरान हुई २६ मौतों के बाद मृतकों का आंकड़ा भी बढ़कर ५, २४, ०६३ हो गया।

देश में कोविड-१६ के एक्टिव केस की संख्या घटकर २०,४०३ हो गई है, जो कुल मामलों का ०.०५ प्रतिशत है। पिछले २४ घंटे में एक्टिव केस की संख्या में २३२ की कमी दर्ज की गई। मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर ९८.७४ प्रतिशत है। अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, संक्रमण की दैनिक दर ०.६५ प्रतिशत और साप्ताहिक दर ०.८२ प्रतिशत है।

गौरतलब है कि देश में सात अगस्त २०२० को संक्रमितों की संख्या २० लाख, २३ अगस्त २०२० को ३० लाख और पांच सितंबर २०२० को ४० लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले १६ सितंबर २०२० को ५० लाख, २८ सितंबर २०२० को ६० लाख, ११ अक्टूबर २०२० को ७० लाख, २६ अक्टूबर २०२० को ८० लाख और २० नवंबर को ९० लाख के पार चले गए थे। देश में १६ दिसंबर २०२० को ये मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे। पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और २३ जून २०२१ को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# सत्ता की असहिष्णुता

बढ़ती महंगाई को लेकर आम आदमी हैरान और परेशान है तथा विपक्ष संसद से लेकर सड़कों तक सरकार को झकझोर रहा है लेकिन सरकार किसी की कोई बात सुनने को तैयार नहीं है अभी पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों से पूर्व सरकार ने पेट्रोलियम पदार्थों और गैस की कीमतों को कुछ समय तक स्थिर बनाए रखने का प्रयास किया था लेकिन इसके बाद फिर तेजी से इनकी कीमतों में उछाल आना शुरू हो गया जो लगातार जारी है। इस बढ़ती महंगाई का अनुमान सिर्फ इस बात से लगाया जा सकता है कि मार्च 2020 से लेकर मई 2022 के बीच पेट्रोल डीजल की कीमतों में लगभग 36 रूपये और 35 रूपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी हो चुकी है तथा रसोई गैस सिलेंडर के दाम 480 रूपये बढ़ चुके हैं, जो लगभग 2 गुना है। कई राज्यों में रसोई गैस का 14 किलोग्राम वाला सिलेंडर अब एक हजार से भी ऊपर निकल चुका है। बीते 2 सालों में देश की जनता ने कोरोना के कारण जो समस्याएं झेली उसकी आमदनी के साध न छिन्न-भिन्न हुए और लोगों के रोजगार चले गए उसकी मार झेलने के बाद अब आम आदमी जो जैसे तैसे अपने जीवन को पटरी पर लाने का प्रयास कर रहा था वह अब बढ़ती महंगाई से परेशान है। कोरोना की मार ने देश के उस मध्यम वर्ग को जो गरीबी की रेखा से ऊपर उठने के लिए छटपटा रहा था एक बार फिर से गरीबी की भट्टी में झौंक दिया गया है। देश की लगभग 20 फीसदी आबादी यानी 25 करोड़ लोग गरीबी की रेखा से नीचे कोरोना और महंगाई ने धकेल दिए हैं। खास बात यह है कि हर तिमाही अपने जीएसटी संकलन में हो रही रिकॉर्ड कमाई से सरकार खुश है। रिजर्व बैंक रेपो रेट में बढ़ोतरी कर कर्ज महंगा करके अर्थव्यवस्था को बचाने में जुटा है लेकिन आम आदमी की स्थिति पर कोई भी गौर करने को तैयार नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पेट्रोल और डीजल पर राज्यों से वैट कम करने की अपील तो कर रहे हैं लेकिन केंद्र सरकार जो पेट्रोल-डीजल पर टैक्स के जरिए अपना खजाना भरने में जुटी है उसमें रत्ती भर कमी करने को तैयार नहीं है। केंद्र सरकार ने अपनी सफलता को जनता की संतुष्टि का पैमाना मान लिया है जनता अगर भाजपा का समर्थन कर रही है तो उसका मतलब यह समझ लिया जाना कि जनता को कोई समस्या नहीं है। अगर उसकी कोई समस्या होती तो वह फिर वोट ही क्यों देती? भाजपा की इस सोच को सही नहीं माना जा सकता है। अपनी चुनावी सफलता से भाजपा अगर इतनी मदमस्त हो चुकी है कि जनता की समस्याओं को समझने की बजाय वह अपनी मनमानी पर आमादा हो चुकी है तो इसके परिणाम आने वाले समय में अच्छे नहीं हो सकते हैं। भाजपा के शासनकाल में बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी तथा बढ़ती गरीबी एक ऐसा बम बनती जा रही है जो कभी भी फट सकता है अगर इस बम में विस्फोट हुआ तो इसके नतीजे भी पड़ोसी देश श्रीलंका और पाकिस्तान से कम खतरनाक नहीं होंगे।

# शादी का वादा किसी से ओर विवाह कहीं ओर, मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने व दूसरी युवती से विवाह रचाने की तैयारी करने वाले के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जाच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वीरभद्र निवासी युवती ने ऋषिकेश कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह एम्स हास्पिटल ऋषिकेश में नौकरी करती चली आ रही है। उसके साथ में ही सचिन सिंह नेगी पुत्र सुदर्शन सिंह नेगी, निवासी दसझूला काण्डाई, रूद्रप्रयाग, हाल निवासी भी एम्स हस्पिटल में ही नौकरी करता है। सचिन व वह एक ही अपार्टमेन्ट में अलग अलग कमरो में निवास करते थे। सचिन ने उसके साथ धीरे-धीरे मीठी-मीठी व लुभावनी बाते करते हुए सम्बन्ध स्थापित कर लिये और उससे सचिन नें कई बार शारीरिक सम्बन्ध बनानें का प्रयास किया परन्तु उसने प्रत्येक बार शादी के बाद ही ये सब करनें की बात कहकर मना कर देती थी तब एक दिन सचिन नें उसके मना करने पर उसको जूस में नशीला पदार्थ मिलाकर उसको पिला दिया और जबरदस्ती उसके साथ शारीरिक सम्बन्ध बनाये, उसको जब होश आया तो उक्त सचिन नें उसको शादी करने का झांसा दे दिया और उसके व सचिन की पिछले करीब चार वर्षो से जानपहचान चली आ रही थी तथा इसी तरह शादी का झांसा देकर पिछले करीब एक वर्ष से लगातार शारीरिक, योन शोषण करता चला आ रहा है और सचिन ने कई बार उस का गृभपात भी कराया। उसको पता चला कि सचिन उसको छोड़कर किसी ऊषा नाम की लडकी जो एम्स हस्पिटल में ही नौकरी करती है से शादी कर रहा है, जिनकी शादी 11 मई को तय हुई है। इस बात की जानकारी होने पर उसनें सचिन के पास फोन किया तो सचिन नें उससे कहा कि वह तो तेरे साथ बस टाईमपास कर रहा था, और वह तो अब ऊषा से ही शादी करूंगा और अगर तूनें मुझे रोकनें या आवाज उठानें की या कोई कार्यवाही करने की कोशिश की तो मैं तुझे जान से मार दूंगा। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# ५वीं देवभूमि योग यात्रा 2022 पहुंची वापस दून

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। १ मई को हरिद्वार से आरंभ हुईं ५वीं देवभूमि योग यात्रा यमनोत्री धाम गंगोत्री धाम होते हुवे कपाट खुलने के पावन अवसर पर श्री केदार नाथ धाम पहुंची। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और उनकी धर्मपत्नी श्रीमती गीता धामी ने तीर्थ पुरोहितों की गरिमामई उपस्थिति में श्री देवभूमि संजीवनी योग केन्द्र के पोस्टर का बद्रीनाथ धाम में लोकार्पण किया। तीर्थ पुरोहित संतोष त्रिवेदी ने योग आसनों का प्रदर्शन मुख्यमंत्री के सम्मुख किया।

केदारनाथ धाम में देवभूमि संजीवनी योग अभियान का शुभारंभ, देवभूमि उत्तराखंड को योग, आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा के माध्यम से वैलनेस का एक बडा हब बनाने के संकल्प के साथ किया जा रहा है, अभियान प्रणेता आध्यात्मिक गुरु आचार्य बिपिन जोशी के बताया जगतगुरू शंकराचार्य स्वामी राजराजेश्वराश्रम जी महाराज ने १ मई को हरिद्वार से यात्रा को रवाना किया था। यमनोत्री और गंगोत्री धाम में यात्रा दल ने विशेष पूजा अर्चना की यमनोत्री धाम, गंगोत्री धाम,केदारनाथ धाम, बद्रीनाथ धाम यात्रा मार्गों में १ दर्जन से भी अधिक स्थानों में देवभूमि संजीवनी योग केन्द्रों का चयन किया जा चुका है।

यात्रा दल द्वारा श्री केदारनाथ धाम योग के आदि प्रवर्तक भगवान आशुतोष केदारनाथ जी की विशेष पूजा अर्चना की गई श्री बद्री केदार मंदिर समिति द्म विशेष सहयोग रहा। केदारनाथ धाम में देवभूमि संजीवनी योग अभियान योगाचार्य संतोष त्रिवेदी के पावन सानिध्य



में होगा। इस अभियान के द्वारा देश विदेश से योग साधक देवभूमि उत्तराखंड में आयेंगे चार धाम यात्रा के साथ साथ साल भर योग साधकों के आने से स्थानीय लोगों को साल भर रोजगार तो मिलेगा ही चार धाम शीतकाल प्रवास स्थलों पर भी लोग मां गंगा यमुना, बद्री केदार जी के दर्शन कर सकेंगे।

अभियान प्रणेता आध्यात्मिक गुरु आचार्य बिपिन जोशी ने बताया पलायन रोकने रिवर्स पलायन और स्थानीय लोगों को रोज़गार और सम्पूर्ण विश्व को स्वास्थ्य देने के लिए इस अभियान को आरंभ किया गया है उनका स्वप्न है उत्तराखंड योग और आयुर्वेद का बडा हब बने यहां के गांवो का योग और आयुर्वेद ग्राम के रुप में विकास हो पहले चार धाम मार्गों फिर सम्पूर्ण उत्तराखंड में अभियान को चलाया जा रहा है। केदारनाथ से देवभूमि योग यात्रा श्री बद्रीनाथ धाम की ओर रवाना हुई श्री बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने पर विशेष पूजा अर्चना के साथ बद्रीनाथ धाम में होटल योग में देवभूमि संजीवनी योग और ध्यान केंद्र हेतु जनजागरण के साथ साथ योग आसनों का प्रदर्शन किया गया। कल सायं परमार्थ निकेतन में विशेष गंगा पूजन के साथ गंगा आरती की गई पतंजलि योग समिति ऋषिकेष के पदाधिकारियों ने आध्यात्मिक गुरु आचार्य बिपिन जोशी और यात्रा दल का पतंजलि योगपीठ का ध्वज, अंगवस्त्र और पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया पौराणिक श्री टपकेश्वर महादेव देहरादून में विशेष पूजा अर्चना और जलाभिषेक किया गया।

## ❑टपकेश्वर मंदिर में की गई विशेष पूजा अर्चना

मंदिर के महंत १०८ कृष्ण गिरी जी महाराज और मुख्य पुजारी भरत गिरी जी महाराज से आशीर्वाद लेकर यात्रा ने आज विश्राम किया। यमनोत्री धाम में रावल पवन प्रकाश उनियाल, योगाचार्य दीपक चौहान, गंगोत्रीधाम मंदिर समिति के अध्यक्ष हरीश सेमवाल,योगाचार्य विनीत सेमवाल, मंदिर समिति के पूर्व अध्यक्ष पंडित अशोक सेमवाल, केदार नाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद अजय, योग साधक संतोष त्रिवेदी, मनोज सेमवाल, बदरीनाथ धाम राजेश मेहता, मंदिर समिति के पूर्व सदस्य हरीश डिमरी डा० सुरेंद्र प्रसाद रयाल,सोनवीर चौधरी, योगाचार्य नीरज डोभाल, योग साधक सौरभ गौतम, विनोद नवानी आदि का विशेष सहयोग रहा।

# कार्यशाला में गोपाल संगीत मंच व गुरुकुल के छात्रों की प्रस्तुति ने बाधा समां

संवाददाता

देहरादून। आनंद गोपाल संगीत मंच व गुरूकुल डीएल रोड के छात्रों ने कार्यशाला में अपनी प्रस्तुति पेश कर समां बांधा।

आज यहां आनंद गोपाल संगीत मंसमिति के सौजन्य से गुरुकुल डीएल रोड देहरादून में मासिक बैठक/कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्था के गोपाल संगीत मन्दिर पटेल नगर व गुरुकुल डी एल रोड दोनों ही जगह संगीत व नृत्य की शिक्षा, प्रशिक्षण ले रहे विद्यार्थियों ने अपनी ऊर्जावान प्रस्तुतियों से सभा का समा बांधा। आज की कार्यशाला में ठुमरी गायकी राग तोड़ी पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। कार्यक्रम में सरस्वती वंदना प्रयांशी नेगी,रीना ,एकता ममगाई, वृधी राणा,पावनी श्रीवास्तव, तबले पर मनप्रीत कौर व आरोहन श्रीवास्तव,हारमोनियम पर गुडविल जॉन,ठुमरी नृत्य मिशिका गोयल,ओशिना शाह,मैत्री पंत,भजन विधि वर्मा ओशिना,कथक अर्शप्रीत कौर शनाया,अंकिता,सदिक्षा, राग तोरी दीप्ति शर्मा व लविष्का शर्मा ने प्रस्तुति दी। इस अवसर पर गुरुकुल की संस्थापक तथा आनंद गोपाल संगीत मंच की अध्यक्ष प्रतिभा श्रीवास्तव ने मासिक बैठक को बच्चों की प्रतिभा को प्रोत्साहन देने का छोटा सा प्रयास बताया। कार्यक्रम में बच्चों का उत्साहवर्धन करने के लिए उत्तराखंड की लोक गायिका श्रीमती सोनिया आनंद रावत, वरिष्ठ पत्रकार श्रीमती साधना शर्मा, आशीष गग, तबला वादक अनिवेश कांत, सितार वादक विशाल मिश्रा रहे। संस्था के प्रचार मंत्री अरुण शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा की संस्था भारतीय संगीत की सभ्यता व संस्कृति को जीवित रखने का प्रयास कर रही है समाज के प्रबुद्ध लोगो को व सरकार को संस्था के इस कार्य मे सहयोग करना चाहिए। एक सभ्य संगीत मानव के मन को शांत कर उसे अवसाद से बचा स्वास्थ्य व प्रसन्न रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। संस्था द्वारा भविष्य में हर महीने इसी प्रकार की मासिक बैठक /कार्यशाला द्वारा नवीन कलाकारों की प्रस्तुति का भी आयोजन किया जाएगा। संस्था के वार्षिक कार्यक्रम तरंग का आयोजन जून 2022 में प्रस्तावित है। प्रख्यात गायिका श्रीमती सोनिया आनंद रावत ने मधुर गीत की प्रस्तुति दी तथा गुरुकुल को एक एयरकंडीशनर जल्द उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम में संस्था की अध्यक्ष श्रीमती प्रतिभा श्रीवास्तव, प्रबंधक नरेश भटनागर, प्रचार मंत्री अरुण कुमार शर्मा,ध्रुव भटनागर,मोहनी श्रीवास्तव, रुचि शर्मा, डॉ स्वाति कुमार, अभिषेक पन्त,रुपिका पासी,विशाल वर्मा ,नेहा रतूड़ी,नीतू शाह आदि सम्मलित रहे।

जीमूतस्येव भवति प्रतीकं यद्वर्मी याति समदामुपस्थे।
अनाविद्धया तन्वा जय त्वं स त्वा वर्मणो महिमा पिपर्तु।।

(ऋग्वेद ६–७५–१)

वीर, कवच द्वारा सुरक्षित होकर बादल की तरह संग्राम में गरजता हुआ जाता है, शत्रुओं पर बिना घायल हुए विजय प्राप्त करता है। उसी प्रकार हमें अपने जीवन के संग्राम में अपने शरीर की सुरक्षा करते हुए विजय प्राप्त करनी चाहिए।

A warrior, protected by armour, roars like a cloud in battle, wins over the enemies without being injured. In the same way, we should win the battle of our life with the protection of our body.
(Rig Veda 6-75-1)

# 300 से ज्यादा स्वयंसेवकों ने टपकेश्वर मंदिर के चारों चलाया सफाई अभियान

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। राजधानी में आज वरिष्ठ नागरिको के साथ युवाओ, छात्र छात्राओं के संगठन मैड की पहल पर आयोजित ष्चलो टपकेश्वरष अभियान के अंतर्गत अनेक सामाजिक संस्थाओं के ३०० से ज्यादा स्वयंसेवकों ने टपकेश्वर मंदिर के चारों ओर जमीन पर गिरे पॉलिथीन के बैग,कागज,प्लास्टिक की बोतल,कपडे,समेत सडे हुए कूड़ा करकट को अपने हाथों से उठाकर इकट्ठा किया। इसमें नदी क्षेत्र में विसर्जित खंडित मूर्तियां कपड़े गंदगी से भरे थैले आदि भी थे। इन्हें ८ ट्रैक्टर ट्रालीयो के माध्यम से डंपिंग जोन पहुंचाया गया। अभियान में मैड समेत सिटीजन फॉर ग्रीन दून,बीन देयर दून देट, पराशक्ति,पंख,एन एस एस,एमसीडी, तारा फाउंडेशन, आसरा, द ह्यूमैनिटेरियन क्लब म,ग्राफिक एरा, आगाज,प्राउड पहाड़ी,आरंभ, संयुक्त नागरिक संगठन आदि संस्थाएं शामिल थी।




इस अवसर पर नगर निगम के मेयर सुनील गामा ने अभियान के आयोजक मैड को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि पर्यावरण के संरक्षण सफाई स्वच्छता को सफल बनाने के लिए मैड के प्रयासों को आम नागरिकों से जोड़ा जाना जरूरी है ।जब तक सभी नागरिक अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए खुद जागरूक नहीं होंगे तब तक पूर्ण सफलता असंभव है। अन्य वक्ताओं ने कहा रिस्पना बिंदाल को पुनर्जीवित और स्वच्छ बनाने के लिए यहां विगत वर्षों की तरह रिवरफ्रंट डेवलपमेंट योजना में विकसित विशाल भूखंड पर मानसून में विशाल स्तर पर वृक्षारोपण किया जाना जरूरी है। इसमे सरकारी तथा सामाजिक संस्थाओं को भी शामिल किया जाए।

इस दौरान टेली प्लांटेशन संस्था के तनवीर सिंह द्वारा मैड के संस्थापक उच्च न्यायालय के अधिवक्ता अभिजयनेगी को हाथ से बनाए मोमेंटो को भेंट किया गया।वरिष्ठ प्रतिष्ठित पर्यावरण प्रेमियो ने कहा युवाओ के भावी अभियान को सफल बनाने के लिए वे सभी समभव मदद प्रदान करेगे वक्ताओं में ब्रिगेडियर के जी बहल, चौधरी ओमवीर सिंह, तनवीर सिंह, लेफ्टिनेंट कर्नल बीएम थापा,आर्ची बिष्ट,महन्त भवानी गिरी, सुशील त्यागी मुकेश नारायण शर्मा, संजय अमन अभिजय नेगी,जगदम्बा मैठानी आदि थे।



## डीबीटी के माध्यम से 129 छात्र-छात्राओं को सरकार की ओर से प्राप्त धनराशि उनके बैंक खातों में हस्तांतरित

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। राजकीय महाविद्यालय पाबौ में टेबलेट वितरण कार्य प्रगति पर है, जिसमें डी.बी.टी.के माध्यम से १२९ छात्र–छात्राओं को सरकार की ओर से प्राप्त धनराशि उनके बैंक खातों में हस्तांतरित कर दी गई है और इसके भौतिक सत्यापन का कार्य किया जा रहा है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर.के. उभान ने सरकार की इस पहल को सराहनीय बताते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले छात्र छात्राओं के लिए आर्थिक स्थिति मजबूत ना होने के कारण ऑनलाइन अध्यापन एक चुनौती रहा है परंतु सरकार के प्रयासों से इस पर भी काबू पाया जा सकेगा। इस अवसर पर छात्र–छात्राओं के चेहरे खिले दिखे।

## 22 से 29 तक चलेगा शौर्य प्रशिक्षण वर्ग

बागेश्वर (आरएनएस)। विश्व हिदू परिषद ने आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की। २२ से २९ मई तक बजरंग दल का शौर्य प्रशिक्षण वर्ग चलेगा, जिसमें जिले से १५ कार्यकर्ता भाग लेंगे।

जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए जगदीश मलड़ा को नगर अध्यक्ष और सुनील रस्तोगी को नगर महामंत्री का दायित्व सौंपा गया। संघ कार्यालय में रविवार को आयोजित बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दरपान सिंह धपोला ने की। उन्होंने कहा कि शौर्य प्रशिक्षण वर्ग में दुर्गा वाहिनी वर्ग में दस और मातृशक्ति वर्ग में पांच और विहिप वर्ग में १५ पदाधिकारी सहभाग करेंगे।

इस दौरान गरुड़ प्रखंड अध्यक्ष सुंदर सिंह बरोलिया, भूपाल सिंह कुंवर, गोकुल सिंह धपोला, गणेश कांडपाल, दिनेश चंद्र जोशी, विजय परिहार, पूरन सिंह रावत, रमेश चंद्र अंडोला आदि मौजूद थे।




## हरिद्वार के अभिनव ने ब्राजील में लहराया तिंरगा, जीता स्वर्ण पदक

हमारे संवाददाता

देहरादून। उत्तराखण्ड के अभिनव देशवाल द्वारा ब्राजील में चल रहे डेफ ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीत कर तिंरगा लहरा दिया गया है।

बता दें कि ब्राजील में डेफ ओलंपिक का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें हरिद्वार जनपद के रूड़की तहसील के रहने वाले 14 वर्षीय अभिनव देशवाल द्वारा भी प्रतिभाग किया गया था। अभिनव ने इस प्रतियोगिता में 10 मीटर एयर पिस्टल में यह स्वर्ण पदक जीता गया है। ब्राजील में अभिनव के जैसे ही स्वर्ण पदक जीतने की सूचना उनके गांव गदरजुड़ा पहुंची वहां जश्न का माहौल बन गया। इस दौरान बधाई देने वालों को तांता अभिनव के घर पर लग गया। अभिनव के पिता मनोज देशवाल का कहना है कि यह देश प्रदेश के लिए गौरव की बात है। अभिनव अभी 9 कक्षा के छात्र है जिनकी उम्र 14 वर्ष है।

## फर्जीवाड़ा कर 23 सालों तक करता रहा पुलिस में नौकरी, मुकदमा दर्ज

हमारे संवाददाता

नैनीताल। नैनीताल जिले के कालाढूंगी में तैनात सिपाही पर फर्जी दस्तावेज लगाकर भर्ती होने का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि आरोपी सिपाही ने शैक्षिक दस्तावेजों में नाम बदलकर विभाग को धोखा दिया और राज्य गठन से पहले भर्ती होकर कई साल नौकरी कर चुका है। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है।

जानकारी के अनुसार खटीमा निवासी चंद्रप्रकाश ने बीते वर्ष निदेशक सतर्कता मुख्यालय देहरादून को भेजे शिकायती पत्र में कहा कि नैनीताल जिले के कालाढूंगी में तैनात सिपाही राजीव कुमार का वास्तविक नाम सत्यपाल है। बताया कि वीरेंद्रनगर गोठा सितारगंज निवासी सत्यपाल वर्ष 1990 में राजकीय इंटर कॉलेज सितारगंज से हाईस्कूल की परीक्षा में फेल हो गया था। बताया कि बाद में सत्यपाल ने राजीव कुमार नाम से दस्तावेज तैयार करवाये और इसी नाम के दूसरे शख्स के शैक्षिक अभिलेखों के सहारे राज्य गठन से पहले ही पुलिस में भर्ती हो गया और 22 वर्ष से नौकरी कर रहा है। चंद्रपाल का शिकायती पत्र मिलते ही सतर्कता विभाग ने अपनी जांच शुरू कर दी गयी थी। जांच में लगाए गए आरोप सही पाये जाने के बाद आरोपी सिपाही पर मुकदमा दर्ज करने के लिए ऊधमसिंहनगर पुलिस को आदेशित किया। इसके बाद कालाढूंगी में तैनात सिपाही के खिलाफ थाना पंतनगर में धोखाधड़ी का मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

इस मामले में एसएसपी उधमसिंहनगर मंजूनाथ टीसी का कहना है कि कालाढूंगी में तैनात सिपाही राजीव कुमार पर शैक्षिक दस्तावेजों में नाम बदलकर पुलिस में भर्ती होने का शिकायती पत्र सतर्कता निदेशक मुख्यालय को मिला था। सतर्कता विभाग ने जांच के बाद मुकदमा दर्ज करने की संस्तुति की थी। पंतनगर थाने में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गंगा सप्तमी पर्व

नगर संवाददाता

देहरादून। श्री गँगा सेवा ट्रस्ट द्वारा आयोजित गंगा सप्तमी के पावन पर्व पर आज माँ गंगा के मायके गंगोत्री के मार्कण्डेय मंदिर मुखवा में आज गंगा विचार मंच गंगोत्री के जिला संयोजक रावल अशोक सेमवाल के नेतृत्व में स्थानीय जनप्रतिनिधियों व गंगा विचार मंच के कार्यकर्ताओं व स्थानीय जनता ने हर्षोल्लास के साथ गँगा सप्तमी पर्व मनाया गया।



मुखवा गांव से समेस्वर महादेव की डोली के साथ सैकड़ों गंगा भक्तो व श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा निकाल कर माँ गंगा के जयकारों के साथ 2 किलोमीटर दूर मार्कण्डेय मंदिर तक शोभा यात्रा निकाली। गंगा तट पर स्थित मार्कण्डेय मंदिर में सबसे पहले मां गँगा की पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात भक्ति गीतों व माँ गंगा की स्तुति के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों, गंगा स्वच्छता गोष्ठी व स्वच्छता अभियान चलाया गया।

कार्यक्रम में गंगा विचार मंच द्वारा कपड़े के बैग, टोपी व टी शर्ट भी बांटी गई। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में मंच के कार्यकर्ताओं व बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गंगोत्री गंगा विचार मंच के संयोजक रावल अशोक सेमवाल के नेतृत्व में दीपोत्सव कार्यक्रम के तहत 1001 दीप 'एक नाव' में माँ गंगा में प्रवाहित किये गये। जिसके बाद भव्य गँगा आरती, हवन व भंडारे के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मजिस्ट्रेट चतर चौहान, गँगा विचार मंच के प्रदेश संयोजक लोकेंद्र सिंह बिष्ट मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि डॉ स्वराज विद्वान, विशेष अतिथि स्वामी चेतन जी, नगरपालिका के अध्यक्ष रमेश सेमवाल, खुशाल सिंह नेगी, जितेंद्र अंग राणा, संजय पंवार, डॉ एस डी सकलानी, श्रीमती हर्षा रावत, श्रीमती शांति ठाकुर, कल्पना ठाकुर, सेना के अधिकारी, मोहन जोगिला, गजेंद्र सिंह बिष्ट , प्रधान मुखवा, प्रधान जसपुर, धराली, सूक्खी, झाला पुराली के प्रधानगण, क्षेत्र पंचायत सदस्य, जिला पंचायत सदस्य सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया की पहल पर 15 माई से उप स्वास्थ्य केन्द्र बुर्फू होगा गुलजार

कार्यालय संवाददाता

मुनस्यारी। आजादी की ७५ साल के बाद पहली बार माइग्रेशन विलेजेज के १२ गांवों को ६ महीने स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिलेगा। जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया की पहल पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी पिथौराग तयढ़ ने मुहर लगा दी है। १५ माई से उप स्वास्थ्य केन्द्र बुर्फू गुलजार हो जाएगा। रालम माइग्रेशन गांव के लिए स्वास्थ्य टीम भेजने पर विचार किया जा रहा है। वहां उप स्वास्थ्य केन्द्र नहीं होने से नियमित स्टाफ भेजना संभव नहीं हो पा रहा है।

जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया ने बीते माह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुनस्यारी में चिकित्सा कर्मियों एवं चिकित्सकों की बैठक में इस बात को रखा था। उसके बाद उनके द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी को पत्र भी दिया गया। सीएमओ के आदेश के बाद प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डां गौरव कुमार ने उप स्वास्थ्य केंद्र बुर्फू में एएनएम एवं फार्मासिस्ट की स्थाई तैनाती के लिए रोस्टर बनाकार बारी बारी से इस केंद्र में तैनात होने के आदेश जारी किया गया है। मल्ला जोहार के १२ गांवों में पहली बार लोगों को उप स्वास्थ्य केंद्र में सुविधा का लाभ मिल पाएगा।

जिला पंचायत जगत मर्तोलिया ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि स्वास्थ्य सुविधा हर व्यक्ति का अधिकार है, उसे मिलना चाहिए। इसके लिए चिकित्सा विभाग को उनके जिला पंचायत क्षेत्र में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं करनी होगी। उन्होंने कहा कि एक के आने के बाद ही दूसरा फार्मेसिस्ट केंद्र को छोड़ेगा। इस प्रकार की व्यवस्था करनी होगी ताकि आदेश का असर धरातल में दिखे। मल्ला जोहार के ग्राम प्रधान तथा क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने नजिला पंचायत सदस्य का आभार जताया।

## झूला पुल की सुध लेने की मांग

कोटद्वार (आरएनएस)। जयहरीखाल ब्लाक के अंतर्गत तल्ला ढ़ौंटियाल के झूला पुल की हालत दयनीय हो गई है। हालत यह है कि पुल में बिछाया गया कोलतार उखड़ चुका है और उसके नीचे बिछाई गई चद्दरें दिखने लगी हैं। पैनी चद्दरों के कारण कभी भी हादसा होने की आशंका बनी हुई है। इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए स्थानीय निवासी और जीवन दीप समिति अध्यक्ष मनोज नेगी, बालम सिंह, सचिन नेगी, विजय कुमार, अर्जुन सिंह आदि ने बताया कि पहले लोगों को अपने गांव को जाने के लिए पलेन नदी को पार करना पड़ता था। लोगों की परेशानियों को देखते हुए सन् १९७९ में इस झूला पुल का निर्माण कराया गया। झूला पुल बन जाने से क्षेत्र के कई गांव के लोगों को सहूलियत हुई। लेकिन वर्तमान में पुल पर बिछाया गया कोलतार उखड़ चुका है। कोलतार के नीचे बिछी पैनी चद्दरें नजर आने लगी हैं। कहा कि इस संबध में कार्यदायी संस्था लोनिवि के अधिकारियों को सूचना देने के बाद भी अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है, जिस कारण स्थानीय निवासियों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने लोनिवि से अविलंब इस ओर ध्यान देने की मांग की है।



## गौवंश तस्करी में दो गिरफ्तार, तीन गौवंश बरामद

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। गौवशं तस्करी में लिप्त दो लोगों को पुलिस ने कल देर रात गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने तीन गौवशं व तस्करी में प्रयुक्त वाहन भी बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार कल देर रात थाना भगवानपुर पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में कुछ तस्कर गौवशं तस्करी हेतू आने वाले है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने क्षेत्र में चैकिंग अभियान चला दिया। इस दौरान पुलिस को ग्राम डाडा पट्टी जाने वाले रास्ते पर एक संदिग्ध बुलेरो वाहन आता हुआ दिखायी दिया। पुलिस ने जब उसे रोक कर चैक किया तो उसमें रखे गये तीन गौवंश बरामद हुए। थाने लाकर की गयी पूछताछ में उन्होने अपना नाम हाशिम पुत्र असलम निवासी मोहल्ला रहमतनगर शामली व आशू शर्मा पुत्र सोमपाल निवासी ग्राम कूरमाली शामली बताया। पुलिस ने उनके खिलाफ सम्बन्धित धाराओ में मुकदमा दर्ज कर उन्हे जेल भेज दिया गया है।


### वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

—प्रबंधक विज्ञापन


## गर्मियों में होती है पेट की समस्या, तो करें पुदीने का सेवन



पुदीना गर्मी में सबसे अधिक लाभदायक माना जाता है और इसका प्रयोग स्वाद और औषधीय गुणों के लिए कभी भी कर सकते हैं, हालाँकि अपनी ठंडक देने के गुण के कारण खास तौर से गर्मियों में यह बेहद फायदेमंद होता है। जी हाँ, गर्मी के दिनों में इसका सबसे अधिक इस्तेमाल किया जाता है और यह लाभदायक भी माना जाता है। ऐसे में आज हम आपको बताने जा रहे हैं गर्मी के दिनों में पुदीना खाने के फायदे के बारे में।

* पेट की गर्मी को कम करने के लिए पुदीने का प्रयोग बेहद फायदेमंद है। जी हाँ और इसके अलावा यह पेट से संबंधित अन्य समस्याओं से भी जल्द निजात दिला देता है।

* दिनभर बाहर रहने वाले लोगों को पैर के तलवों जलन की शिकायत रहती है। इसके लिए उनको फ्रिज में रखे हुए पुदीने को पीसकर तलवों पर लगाना चाहिए ताकि तुरंत राहत मिल सके।

* सूखा या गीला पुदीना छाछ, दही, कच्चे आम के रस के साथ मिलाकर पीने से पेट में होने वाली जलन दूर हो जाती है और ठंडक मिलती है। इसके अलावा गर्मी हवाओं और लू से भी बचाव होता है।

* अगर आपको अक्सर टॉंसिल्स की शिकायत रहती है और इसमें होने वाली सूजन से आप परेशान हैं तो पुदीने के रस में सादा पानी मिलाकर इस पानी से गरारे करें।

* गर्मी में पुदीने की चटनी का रोजाना सेवन सेहत से जुड़े कई फायदे देता है। जी हाँ, इसके लिए पुदीना, काली मिर्च, हींग, सेंधा नमक, मुनक्का, जीरा, छुहारा सबको मिलाकर चटनी पीस लें और इसका सेवन करें। यह चटनी पेट के कई रोगों से बचाव करती है।

* पुदीने व अदरक का रस थोड़े से शहद में मिलाकर चाटने से खांसी ठीक हो जाती है। इसके अलावा अगर आप लगातार हिचकी आने से परेशान हैं तो पुदीने में चीनी मिलाकर धीरे-धीरे चबाएं।

* पुदीने की पत्तियों का लेप करने से कई प्रकार के चर्म रोगों को खत्म किया जा सकता है। जी हाँ और घाव भरने के लिए भी यह बेहतरीन है। इसके अलावा गर्मी में इसका लेप चेहरे पर लगाने से त्वचा की गर्मी समाप्त होगी और आप ताजगी का अनुभव करेंगे।

* पुदीने का नियमित रूप से सेवन आपको पीलिया जैसे रोगों से बचाने में सक्षम है। जी हाँ और मूत्र संबंधी रोगों के लिए भी पुदीने का प्रयोग बेहद लाभदायक है। पुदीने के पत्तियों को पीसकर पानी और नींबू के रस के साथ पीने से शरीर की आंतरिक सफाई होगी।

## कंडोम बेचने पर ट्रोल हुई नुसरत भरूचा

बॉलीवुड एक्ट्रेस नुसरत भरूचा इन दिनों अपनी नयी फिल्म को लेकर सुर्खियों में हैं, हालाँकि इस बीच वह जमकर ट्रोल भी हो रही हैं। पहले तो हम ये बता दें कि उनकी नयी फिल्म का नाम है जनहित में जारी है और ये फिल्म कंडोम के प्रति लोगों को जागरुक करती है। जी हाँ और इस फिल्म में नुसरत भरूचा सेल्सगर्ल बनी हैं, जो कंडोम बेचती है और लोगों को इसके बारे में जागरूक करने का काम करती है। हालाँकि इसी के चलते अब नुसरत को जमकर ट्रोल किया जा रहा है। यह फिल्म १० जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी और इसका जल्द ट्रेलर रिलीज होने वाला है। हालाँकि अब तक मूवी के पोस्टर और टीजर रिलीज किए गए हैं जो धमाकेदार रहे हैं। वैसे जबसे पोस्टर-टीजर रिलीज हुए हैं ट्रोल्स एक्टिव हो गए हैं। जी दरअसल ट्रोलर्स कंडोम को प्रमोट करने के लिए नुसरत को बुरी तरह ट्रोल कर रहे हैं और उन्हें स्लट शेम किया है। हालाँकि नुसरत ने हेटर्स को मुंहतोड़ जवाब देते हुए सबसे बुरे और भद्दे कमेंट्स के स्क्रीनशॉट्स को जनहित में जारी कर दिया। आप देख सकते हैं एक स्क्रीनशॉट्स को शेयर करते हुए नुसरत ने कहा- बस यही सोच तो बदलनी है। यही तो मैं कह रही हूं। कोई बात नहीं आप उंगली उठाओ मैं आवाज उठाती हूं। आप देख सकते हैं नुसरत ने जो फिल्म के पोस्टर्स शेयर किए हैं उनपर लोग अश्लील कमेंट्स कर रहे हैं। जी दरअसल कोई फिल्म को ष्ठ ग्रेड बता रहा तो किसी का कहना है कि बॉलीवुड मेडिकल स्टोर बन गया है। वहीं कई यूजर्स का ये भी कहना है फिल्म की कहानी रियल नहीं है क्योंकि कोई भी लड़की मार्केट में जाकर ऐसे कंडोम नहीं बेचती है। वैसे मूवी जनहित में जारी के पोस्टर्स पर मजेदार टैगलाइन या स्लोगन लिखे हैं। जैसे औरत के अनादर से शर्म करो, कंडोम की बातों से नहीं। ड्रग्स खरीदने से शर्म करो, कंडोम खरीदने से नहीं। आप उंगली उठाओ, मैं आवाज उठाऊंगी।

## शब्द सामर्थ्य -063

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**
1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**
1. विचित्र, अद्भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 | ■ | ■ |
| 6 | | ■ | 7 | | | | 8 | ■ |
| 9 | | 10 | | ■ | | ■ | 11 | |
| 12 | | | ■ | 13 | | 14 | | ■ |
| ■ | 15 | | | | ■ | | ■ | 16 |
| 17 | ■ | | ■ | 18 | | | ■ | |
| 19 | | ■ | ■ | ■ | ■ | 20 | 21 | |
| | ■ | 22 | | 23 | | ■ | 24 | |
| 25 | | | ■ | 26 | | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 62 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्क | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |

# करिश्मा ने शेयर की सलमान के गले लगकर तस्वीर

अभिनेता सलमान खान की बहन अर्पिता खान की ईद पार्टी की फोटोज इस वक्त सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। ईद के इस जश्न में कंगना रनौत, दीपिका पादुकोण-रणवीर सिंह, कियारा आडवाणी-सिद्धार्थ मल्होत्रा, करण जौहर, करिश्मा कपूर सहित कई हस्तियां आई हुई थी। हाल ही में करिश्मा ने सलमान के साथ कुछ प्यारी फोटोज साझा की है, जो फैंस का दिल जीत रही हैं। फैंस कमेंट कर दोनों की शादी को लेकर भी बात करने लगे है।

लुक्स के बारें में बात की जाए तो करिश्मा ब्राउन सूट में दिखाई दे रही है। जिसके साथ साथ अभिनेत्री ने मैचिंग दुपट्टा कैरी कर रखा है। मिनिमल मेकअप और ओपन हेयर्स से अपने लुक को पूरा किया हुआ है। इस लुक में एक्ट्रेस बहुत खूबसूरत लग रही है। वहीं सलमान ब्लैक शर्ट और डेनिम जींस में हैंडसम दिख रहे है। करिश्मा सलमान के गले लगी हुई नजर आ रही है। दोनों बहुत खुश दिखाई दे रहे है। फोटोज शेयर करते हुए करिश्मा ने लिखा- बैक विद ह्र, सभी को ईद की मुबारकबाद। फैंस इन फोटोज को खूब लाइक कर रहे हैं और जमकर कमेंट कर रहे हैं।

एक यूजर ने लिखा- आप दोनों शादी कर लो। एक अन्य यूजर ने लिखा- सलमान सर आपको करिश्मा से शादी करनी चाहिए थी, आपकी जोड़ी सच में कमाल है। बता दें सलमान और करिश्मा ने कई हिट मूवीज दी हैं, इसमें दुल्हन हम ले जाएंगे, बीवी नंबर 1, अंदाज अपना अपना, जीत जैसी मूवीज शामिल हैं। दोनों की ऑनस्क्रीन केमिस्ट्री को बहुत पसंद किया जाता था। शाहरुख-काजोल की तरह सलमान-करिश्मा की जोड़ी को भी फैंस खूब प्यार भी दे रहे है।

# फिल्म के प्रमोशन के दौरान कार्तिक को देख रोने लगी फैन...और फिर

अभिनेता कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी आने वाली मूवी भूल भुलैया 2 को लेकर चर्चाओं में बने हुए है। भूल भुलैया 2 2० मई को सिनेमाघरों में रिलीज की जाने वाली है ।

एक्टर मूवी के प्रमोशन में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। एक्टर प्रमोशन के लिए अलग-अलग शहरों में पहुंचकर इसको पूरा करने का काम कर रहे है। इन दिनों कार्तिक प्रमोशन के लिए दिल्ली में हैं। हाल ही में अभिनेता का एक वीडियो वायरल हो गया है, जिसमें वह फीमेल फैन के साथ दिखाई दे रहे है।

वीडियो में कार्तिक व्हाइट प्रिंटेड शर्ट और पैंट में दिखाई दे रही है। इस लुक में कार्तिक बहुत हैंडसमदिख रहे है। हम वीडियो में देख सकते हैं कि एक फीमेल फैन कार्तिक को अपने इतने करीब देखकर रोने लग जाती है, इसके उपरांत कार्तिक बहुत ही प्यार से घुटनों पर बैठकर उन्हें समझा रहे है। इतना ही नहीं कार्तिक उसे गले लगाकर चुप भी करवाते हैं। कार्तिक के इस वीडियो को फैंस खूब पसंद कर रहे हैं।

ख़बरों की माने तो भूल भुलैया 2 में कार्तिक के साथ कियारा अडवाणी, तब्बू और रामपाल यादव की भी लीड रोल में नजर आने वाले है। हाल ही में मूवी का टाइटल ट्रैक रिलीज कर दिया गया है। इस टाइटल ट्रैक सॉन्ग को नीरज श्रीधर ने आवाज दी है और कनिष्क बगीची ने इस गाने को कंपोज कर दिया है। लोगों द्वारा इस गाने को खूब पसंद भी किया जा रहा है।

# शादी के बाद पहली बार साथ दिखे रणबीर-आलिया, वीडियो वायरल

आलिया भट्ट और रणबीर कपूर कुछ समय पहले ही शादी के बंधन में बंधे हैं और अब शादी के बाद दोनों पहली बार साथ नजर आए। वैसे शादी के बाद दोनों अपनी फिल्मों की शूटिंग में व्यस्त हो गए थे और अब दोनों ने एक-दूजे के लिए समय निकाल लिया है। जी दरअसल शूटिंग की वजह से दोनों हनीमून के लिए भी बाहर नहीं गए और तो और कपल पब्लिक एपीयरेंस भी कम देता है। हालाँकि हाल ही में दोनों को साथ देखा गया।

जी दरअसल बीती शाम शादी के बाद पहली बार रणबीर-आलिया साथ में नजर आए। इस दौरान आलिया-रणबीर शूट खत्म करके लौट रहे थे और दोनों ने ब्लैक आउटफिट में ट्यूनिंग की हुई थी। आप देख सकते हैं इस समय दोनों स्टार्स की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है और फैन्स कपल से शादी से रिलेटेड मजेदार सवाल पूछ रहे हैं।

जी दरअसल इस दौरान आलिया ने पति रणबीर के साथ ब्लैक आउटफिट में ट्यूनिंग की। वहीं रणबीर ने ब्लैक टी-शर्ट और लोअर पहना हुआ था तो आलिया ने ब्लैक शर्ट के साथ जैगिन्स कैरी की हुई थी।

इस दौरान दोनों स्टार्स कैजुअल लुक में अच्छे दिख रहे थे और दोनों पैपराजी को हाय-हैलो बोलते हुए कार में बैठ गए। आप सभी को बता दें कि यह सब देखकर फैन्स की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। जी हाँ और अब फैन्स लगातार वीडियो को देखकर कमेंट्स कर रहे हैं। इस वीडियो को देख एक फैन ने पूछा- आलिया जी के हबी। वहीं एक फैन ने पूछा- अरे रणबीर शादी पार्टी में दही-चावल था कि नहीं आलिया को काफी पसंद है ना। इस तरह कई यूजर्स ने अपनी-अपनी प्रतिक्रिया दी है। काम के बारे में बात करें तो यह कपल अयान मुखर्जी द्वारा निर्देशित फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' के तीन पार्ट में दिखाई देने वाले हैं।

# कंगना रनौत के नए वीडियो को देख उड़े लोगों के होश



बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत को अधिकतर लोग संस्कारी मानते हैं और उनका अंदाज भी हमेशा संस्कारी रहा है लेकिन बहुत जल्द वह फिल्म धाकड़ में दिखाई देने वाली हैं। इस फिल्म को लेकर कई खबरें आ रहीं हैं और अब एक्ट्रेस ने इस अपकमिंग फिल्म का प्रमोशन भी शुरू कर दिया है। इन सभी के बीच फिल्म के ट्रेलर के बाद पहला गाना रिलीज किया जाना वाला है और इससे पहले एक्ट्रेस ने स्द्धद्द्य शट्ठ स्नद्बह्द्ध गाने का टीजर रिलीज किया है जिसमे उनका एकदम अलग अवतार नजर आया। जी दरअसल गाने के टीजर में कंगना रनौत ने सभी हदों को पार कर दिया। आप देख सकते हैं गाने का टीजर कंगना ने इंस्टाग्राम पर रिलीज किया है जो कि काफी तेजी से वायरल हो रहा है। जी हाँ और गाने के ये बेहतरीन टीजर वीडियो और इसमें कंगना का अंदाज देखने के बाद अब हर किसी को इस पूरे गाने का काफी बेसब्री से इंतजार हो रहा है। गाने में बादशाह ने अपनी आवाज दी है। कंगना रनौत के अलावा इस गाने में अर्जुन रामपाल भी नजर आएंगे। इस गाने में आपको कंगना रनौत के कई अवतार देखने को मिलेंगे। आप देख सकते हैं टीजर शेयर करने के साथ कंगना ने लिखा है, आग इतनी भीषण की फायर ब्रिगेड भी इसे बुझा नहीं सकती !

फिल्म धाकड़ के बारे में बात करें तो यह एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है जिसमें कंगना का एक्शन अवतार देखने को मिलेगा। जी हाँ, इस फिल्म में बंदूक चलाने से लेकर विलेन से फाइट करती हुई कंगना इस फिल्म में नजर आएंगी। रजनीश घई इस फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं और कंगना रनौत के अलावा फिल्म में अर्जुन रामपाल और दिव्या दत्ता नजर आएंगी। फिल्म 24 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है और साल 2०21 में रिलीज हुई फिल्म थलाइवी के बाद अब कंगना रनौत की फिल्म धाकड़ रिलीज होने जा रही है।

# जल्द ही आमिर खान लॉन्च करने जा रहे है अपना पहला पॉडकास्ट



इंडियन दर्शकों को एक के उपरांत एक कई शानदार मूवीज देने के उपरांत, आमिर खान प्रोडक्शंस लाल सिंह चड्ढा के साथ आमिर खान, करीना कपूर खान जैसे प्रतिभाशाली कलाकारों की टुकड़ी के साथ एक और दिल छू लेने वाली कहानी लाने की योजना बना रहे है। ऐसे में अब आमिर खान अपने यूनिक प्रमोशनल कैंपेन के साथ अपनी मूवी का प्रमोशन करने जा रहे है। इतना ही नहीं अद्वैत चंदन निर्देशित इस फिल्म का स्क्रीनप्ले एरिक रोथ और अतुल कुलकर्णी के दरवा लिखा गया है। इसके प्रचार के लिए आमिर खान अब अपना खुद का पॉडकास्ट लॉन्च करेंगे, जो उनके करियर में पहली बार होने वाला है।

ख़बरों की माने तो अभिनेता-निर्माता पॉडकास्ट लाल सिंह चड्ढा की कहानी के जरिए अपने दर्शकों के साथ बातचीत करने वाले है, जहां वह लाल सिंह चड्ढा पर चर्चा करने वाले है। इसमें वो पर्दे के पीछे के एक्शन्स से लेकर मूवी के निर्माण से उपाख्यानों, संगीत, सेट से दिलचस्प घटनाएं के साथ और भी कुछ दिलचस्प कहानियां सुनाएंगे जो लाल सिंह चड्ढा के सेट पर शुरू हुई थी। आमिर खान का पहला पॉडकास्ट मई को सामने आने की उम्मीद है और यह टी-सीरीज के यूट्यूब चौनल, सावन और रेडएफएम पर पेश किया जाने वाला है। हाल ही में आमिर खान के एक बड़ी कहानी के बारे में वार्ता करते हुए वीडियो ने इंटरनेट पर हंगामा मचा दिया था। जिसके माध्यम से आमिर की लाल सिंह चड्ढा के निर्माताओं ने मूवी का पहला गाना रिलीज कर दिया था। एक गेम चेंजिंग मूव में सुपरस्टार ने लाल सिंह चड्ढा एल्बम से वीडियो जारी नहीं करने का विकल्प चुना और गाने का सिर्फ ऑडियो वर्जन रिलीज किया ताकि सभी का ध्यान फिल्म के म्यूजिक पर जाए।

# ग्रीन साड़ी में जाह्नवी कपूर ने बिखेरा हुस्न का जलवा



धडक् गर्ल यानि अभिनेत्री जाह्नवी कपूर अपने ग्लैमरस और देसी अवतार से लोगों का दिल जीतने में कामयाब हो जाती है। जाह्नवी कपूर ने भले ही कुछ ही मूवी की लेकिन उन्होंने कम वक्त में बॉलीवुड में अपनी पहचान बना चुके है। मूवीज में अपने दमदार अभिनय दिखाने के साथ जाह्नवी ने यह भी साबित कर दिया है कि वह एक फैशनिस्टा हैं।

धडक् अभिनेत्री समय-समय पर अपने सोशल मीडिया पर स्टनिंग फोटोज साझा कर फैंस के दिलों पर छुरियां चलाने का काम कर रही है। एक बार फिर जाह्नवी ने अपने साड़ी लुक से लोगों का दिल चुरा लिया है। लुक्स के बारें में बात की जाए तो जाह्नवी ग्रीन कलर की फ्लोरल प्रिंटेड साड़ी में बेहद खूबसूरत दिख रही है। मिनिमल मेकअप, कजरारे नैन जाह्नवी के लुक को चार-चांद लगा रहे हैं। एक्सेसरीज के लिए जान्हवी ने स्टेटमेंट ईयररिंग्स का चयन किया है।

हेयरस्टाइल के बारें में बात की जाए तो जाह्नवी ने बालों को स्ट्रेट कर खुला हुआ रखा है। जाह्नवी कैमरे के सामने स्टाइलिश अंदाज में पोज देती हुई दिखाई दे रही है। फैंस उनकी इन फोटोज को बहुत पसंद भी कर रहे है। वर्कफ्रंट के बारें में बात की जाए तो जाह्नवी गुड लक जैरी, मिस्टर एंड मिसेज माही, दोस्ताना 2 और बवाल जैसी मूवीज में काम कर रही हैं।

# धार्मिक-सामाजिक एजेंडे का क्या जवाब?

अजीत द्विवेदी

कांग्रेस और दूसरी विपक्षी पार्टियां कैच-22 सिचुएशन में हैं। उनकी स्थिति सांप-छुछुंदर वाली हो गई है। पिछले आठ साल से भाजपा की ओर से सेट किए गए एजेंडे पर प्रतिक्रिया देते देते विपक्षी पार्टियां अपना एजेंडा सेट करना भूल गई हैं और अब भाजपा की ओर से सेट किए गए एजेंडे पर प्रतिक्रिया देने की स्थिति में भी नहीं हैं। भाजपा अब ऐसा एजेंडा सेट कर रही है, जिस पर कोई भी प्रतिक्रिया देना विपक्ष के लिए राजनीतिक रूप से आत्मघाती हो सकता है। सभी पार्टियां शिव सेना की तरह नहीं हैं, जो भाजपा को दो टूक जवाब दे सकें। भाजपा के एक नेता ने कहा कि बाबरी मस्जिद का ढांचा टूटा तो वे वहीं पर थे और वहां कोई शिव सैनिक नहीं था। इसके जवाब में शिव सेना ने खुल कर कहा कि शिव सैनिकों ने ढांचा गिराया और सुप्रीम कोर्ट तक में इसके सबूत हैं। शिव सेना ने लालकृष्ण आडवाणी का एक इंटरव्यू भी साझा किया, जिसमें वे कह रहे हैं कि गुंबद पर चढ़े लोग मराठी बोल रहे थे और भाजपा के नहीं थे इसलिए उमा भारती और प्रमोद महाजन की बात नहीं मान रहे थे।

क्या ऐसे किसी मुद्दे पर कोई दूसरी विपक्षी पार्टी इस तरह का जवाब दे सकती है? सोचें, जब सारे मुद्दे ऐसे ही होंगे तो विपक्ष क्या जवाब देगा? भाजपा ने हिंदी का मुद्दा छेड़ा है। हिंदी को पूरे देश में संपर्क भाषा बनाने की बात केंद्रीय गृह मंत्री ने कही है। दिल्ली में सरकारी कामकाज अब हिंदी में होने लगे हैं और संसद में केंद्रीय मंत्री अब किसी भी भाषा में पूछे गए सवाल का जवाब हिंदी में देते हैं। दक्षिण भारत की पार्टियां इसका विरोध कर रही हैं। वे कर सकती हैं क्योंकि उनको हिंदी विरोध से फायदा होगा। भाषायी अस्मिता की राजनीति करने वाली कुछ और पार्टियां इसका विरोध कर सकती हैं। लेकिन कांग्रेस या उत्तर भारत की दूसरी प्रादेशिक विपक्षी पार्टियां क्या करेंगी? उनके सामने चुप रहने के सिवा कोई और रास्ता नहीं है। कांग्रेस के लिए तो चुप्पी भी कोई समाधान नहीं है क्योंकि उसे उत्तर से दक्षिण और पूरब से पश्चिम तक हर राज्य में राजनीति करनी है। अगर भाषा का विवाद बढ़ता है तो कांग्रेस को कोई स्टैंड लेना होगा और पहली नजर में कोई भी स्टैंड उसको फायदा पहुंचाने वाला नहीं होगा।

हिंदी की तरह ही कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटा कर उसका विशेष राज्य का दर्ज खत्म करने का मुद्दा है। कश्मीर की पार्टियों और वामपंथी दलों को छोड़ दें तो किसी विपक्षी पार्टी ने इसका विरोध नहीं किया। कांग्रेस और उसकी सहयोगी पार्टियों का विरोध इतने तक सीमित है कि केंद्र सरकार जम्मू कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्ज बहाल करे और विधानसभा के चुनाव कराए। सोचें, साढ़े तीन साल से कश्मीर में राष्ट्रपति शासन है और देश की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी सहित किसी की हिम्मत नहीं है कि वह इसके खिलाफ सड़क पर उतरे और आंदोलन करे कि कश्मीर में लोकतांत्रिक व्यवस्था बहाल हो। विपक्ष को पता है कि कश्मीर का मुद्दा बेहद संवेदनशील है और उसे छेड़ना भारी पड़ सकता है।

असल में नरेंद्र मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में भाजपा और सरकार ने खुद ऐसा एजेंडा सेट किया है, जिस पर विपक्ष की चुप रहने की मजबूरी है। अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हो या काशी कॉरिडोर का निर्माण हुआ, विपक्ष इनका विरोध नहीं कर सकता है। दबे स्वर में एकाध टिप्पणियों के अलावा इन मुद्दों पर विपक्ष की मौन सहमति रही। नागरिकता संशोधन कानून यानी सीएए के खिलाफ देश भर में आंदोलन हुआ लेकिन इस आंदोलन का नेतृत्व विपक्ष नहीं कर रहा था। मुस्लिम संगठनों और आम मुस्लिम आवाम ने इसके विरोध में आंदोलन किया इसलिए सरकार की सेहत पर इसका रत्ती भर असर नहीं हुआ। उलटे भाजपा को इससे राजनीति के ध्रुवीकरण में मदद मिली। असम इस आंदोलन का एक केंद्र था, जहां पिछले साल हुए चुनाव में एक बार फिर भाजपा का गठबंधन भारी बहुमत से जीता।

अभी देश भर में हनुमान चालीसा का मुद्दा छाया हुआ है। अजान बनाम हनुमान चालीसा के इस विवाद में विपक्ष को समझ में ही नहीं आ रहा है कि वह क्या करे। कहीं धार्मिक स्थलों से लाउडस्पीकर उतारे जा रहे हैं तो कहीं मुफ्त लाउडस्पीकर बांट कर धर्मस्थलों पर लगाए जा रहे हैं। विपक्ष किंकर्तव्यविमूढ़ है। रोटी, कपड़ा और मकान की जगह नया नैरेटिव बना दिया गया है। रोटी की जगह हलाल मीट, कपड़े की जगह हिजाब और मकान की जगह बुलडोजर ने ले ली है। इस विमर्श में विपक्ष क्या कर सकता है? कांग्रेस और विपक्ष की ऐसी मजबूरी है कि गरीबों और मजलूमों के घर पर बिना कानूनी कार्रवाई के बुलडोजर चलाने का भी वह विरोध नहीं कर पा रहा है। हलाल मीट और हिजाब के विवाद में भी कांग्रेस या दूसरी विपक्षी पार्टियों का कोई दो टूक स्टैंड नहीं है। वे गोलमोल प्रतिक्रिया देकर उम्मीद कर रहे हैं देर सबेर यह विवाद खत्म जाएगा। उनको समझ ही नहीं आ रहा है कि खत्म होने के लिए ये विवाद शुरू नहीं हुए हैं। इन्हें सुनियोजित तरीके से शुरू किया गया है और ये खत्म तभी होंगे, जब इनका राजनीतिक मकसद पूरा हो जाएगा।

सोचें, लव जिहाद रोकने के नाम पर देश के कई राज्यों में अंतरधार्मिक विवाहों को प्रतिबंधित करने वाला कानून बन गया और विपक्ष क्या कर सका? एक के बाद एक राज्यों में भगवद्गीता को पाठ्यक्रम में शामिल किया जा रहा है तो विपक्ष क्या कर ले रहा है? एक के बाद एक कई राज्यों ने समान नागरिक संहिता लागू करने की दिशा में पहला कदम बढ़ा दिया है तो विपक्ष क्या कर रहा है? विपक्ष के पास चुपचाप तमाशा देखने का विकल्प है या इसी खेल में घुस जाने का विकल्प है। कई विपक्षी पार्टियों ने दूसरा रास्ता चुना है यानी वे खुद भी इसी खेल में घुस गए हैं। भाजपा और उसकी सहयोगी पार्टियों और संगठनों ने इन दिनों गौरक्षा का काम स्थगित कर रखा है और इस एजेंडे पर बहुत मंथर गति से काम हो रहा है लेकिन कांग्रेस शासित छत्तीसगढ़ में गौरक्षा का ज्यादा काम शुरू हो गया। वहां के मुख्यमंत्री गोबर खरीद रहे हैं और गोबर से बने बैग में दस्तावेज लेकर बजट पेश करने गए थे। धीरे धीरे बाकी धार्मिक-सामाजिक एजेंडे पर भी विपक्षी पार्टियों का ऐसा ही रवैया देखने को मिले तो हैरानी नहीं होगी।

विपक्ष के पास ले-देकर महंगाई और बेरोजगारी का एक मुद्दा है। यह बड़ा मुद्दा है लेकिन अव्वल तो विपक्ष इसे प्रभावी तरीके से उठा नहीं पा रहा है और दूसरे सरकार ने सामाजिक विकास की अपनी योजनाओं के जरिए इस समस्या का असर काफी हद तक कम कर दिया है। अगले दो साल में महंगाई और बेरोजगारी बढ़ती है तो उसी अनुपात में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत मुफ्त अनाज की मात्रा बढ़ा दी जाएगी। पांच किलो अनाज और एक किलो दाल के साथ तेल, नमक और मसाले भी दे दिए जाएंगे। किसान सम्मान निधि के तहत मिलने वाली सालाना राशि छह से बढ़ा कर 12 हजार रुपए कर दी जाएगी। महिलाओं को मिलने वाली सहायता राशि बढ़ा दी जाएगी और आवास योजना का दायरा बढ़ा दिया जाएगा। इतनी योजनाओं के लिए सरकार के पास पैसे की कमी नहीं है। हर महीने जीएसटी की वसूली बढ़ रही है और हर साल आयकर की वसूली में भी रिकॉर्ड बढ़ोतरी हो रही है। सरकार हर साल सिर्फ पेट्रोल-डीजल पर करीब साढ़े चार लाख करोड़ रुपया वसूल रही है, उतने से ही समाज कल्याण की सारी योजनाओं का संचालन हो जाएगा।

## सू- दोकू क्र.063

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 7 | | | | 2 | 1 |
| 2 | | | | 9 | | 4 | | |
| | 7 | | 1 | | | | 5 | |
| | | 1 | | 5 | | 2 | | 7 |
| | 5 | | | | 4 | | | |
| | | 4 | | 1 | | 8 | | 5 |
| | | | | | 1 | | | |
| 1 | | 5 | | 3 | | 9 | | |
| | 2 | | 6 | | 5 | | 1 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.62 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 | 4 | 3 | 8 |
| 1 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 |

# सीनियर जूनियर के खेल में बाजी मार ले गया शामली

संवाददाता

देहरादून। सीनियर जूनियर के खेल में एक बार फिर साबित हो गया कि सीनियर सीनियर ही होता है और जूनियर जूनियर ही होता है। जिसके चलते शामली में एक सप्ताह हाथ पैर मारकर उत्तराखण्ड पुलिस शराणदातों को पकडकर अपनी पीठ थपथपा रही थी तभी असली चेन लूटेरे पकडकर शामली पुलिस ने दून पुलिस के हवाले कर दिये?

आखिरकार यह कहावत सदियों से चली आ रही है कि सीनियर और जूनियर में किसी प्रकार का कोई मेल नहीं होता है। सीनियर सीनियर ही होता है जूनियर चाहे जितना बडा हो जाये वह कहलाता जूनियर ही है। इसमें कोई नयी बात नहीं है। उत्तर प्रदेश से अलग हुए उत्तराखण्ड को आज 22 साल होने वाले हैं और आज भी कई बार कई मामलों में उत्तर प्रदेश पुलिस व प्रशासन के आगे झुकना पडता है। वहीं स्थिति अपराधों के मामलों में भी सामने आती है। क्योंकि उत्तराखण्ड में जालसाल तो बहुत है लेकिन सही मामलों में जिन्हें अपराधी कहा जाता है वह यहां पर नहीं है। अपराधी अधिकतर उत्तर प्रदेश, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश व पंजाब से आकर ही उत्तरखण्ड में अपराधों को अंजाम देते हैं और यहां पर शरण भी लेते हैं जोकि कई बार साबित हो चुका है। जब बाहरी प्रदेशों के अपराध ी यहां पर अपराध कर जाते हैं तो फिर यहां की पुलिस को दूसरे प्रदेशों का रूख करना पडता है और वहां पर भी स्थानीय पुलिस की मदद के बगैर यह कुछ नहीं कर सकते? अपराधों के मामले में उत्तर प्रदेश पहले भी उत्तराखण्ड से सीनियर था और आज भी है? यह कई बार साबित भी हो चुका है। वर्ष 2004-05 की ही बात है जब उत्तराखण्ड पुलिस तीन बदमाशों को सहारनपुर पुलिस के साथ मिलकर सहसपुर क्षेत्र में तलाश कर रही थी। उत्तराखण्ड पुलिस के सीओ स्तर के अधिकारी उस दबिश में शामिल थे तभी सहारनपुर पुलिस का एक इंस्पेक्टर दून पुलिस के देखते ही देखते तीनों बदमाशों को अपनी गाडी में डालकर ले गया और बाद में वही तीनों बदमाश मोहंड के जंगल में मुठभेड में मारे गये थे। वही स्थिति आज भी देखने को मिल रही है। शामली पुलिस पूरे सप्ताह कांधे से कांधा मिलाकर उत्तराखण्ड पुलिस के साथ चेन लूटेरों को पकडने में लगी रही थी और जब दून पुलिस लूटेरों के शरणदाताओं को पकडकर वापस आयी तो शामली पुलिस ने चारों लूटेरों को पकड लिया और अपनी दरियादिली दिखाते हुए चारों को दून पुलिस के हवाले कर दिया। इसका सीध ा सा यही मतलब निकाला जा सकता है कि सीनियर आखिर सीनियर ही होता है? जिसको उत्तर प्रदेश पुलिस ने एक बार फिर से साबित कर दिया कि अगर उनके यहां अपराधी अधिक है तो उनको पकडने के तरीके भी उन्हें ही पता है और वह अपने तरीके किसी के साथ सांझा नहीं कर सकते? आज फिर यह बात साबित हो गयी कि सीनियर आखिर सीनियर ही होता है?

## रसोई गैस के दाम बढ़ने से पहाड़ के लोगों में रोष

कोटद्वार (आरएनएस)। घरेलू गैस सिलेंडर के दामों में लगातार बढ़ोत्तरी ने लोगों की रसोई के बजट को बिगाड़कर रख दिया है।

शनिवार को गैस के दामों में पचास रुपये की बढ़ोतरी होने से पहाड़ के लोगों में रोष व्याप्त है। जयहरीखाल ब्लाक के कई गांवों में लोगों को घरेलू गैस सिलेंडर अब ११०० रुपये में मिल रहा है।

जयहरीखाल ब्लाक के ढौंटियाल, सिलवाड़, पाटियूं और बडगांव सहित कई गांवों में दुगड्डा गैस एजेंसी से गैस आपूर्ति की जाती है। गैस के लगातार बढ़ते दामों के कारण लोग गैस सिलेंडर का कम उपयोग कर फिर से चूल्हा जलाने पर मजबूर हो रहे हैं। क्षेत्र की महिलाओं का कहना है कि गैस सिलेंडर का दाम लगातार बढ़ने से उनकी रसोई का बजट बिगड़ रहा है। उन्हें मजबूरी में गैस सिलेंडर ११०० रुपये में खरीदना पड़ रहा है। कहा कि ऐसे ही रसोई गैस के दाम बढ़ते रहे तो उन्हें चूल्हा जलाना ही पड़ेगा।



# ऋतु खंडूडी ने की महाना से शिष्टाचार भेंट

संवाददाता

लखनऊ। उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने उत्तर प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से शिष्टाचार भेंट की।

आज यहां ऋतु खंडूडी भूषण अपने दो दिवसीय यात्रा के दौरान लखनऊ पहुंची हैं एवं उत्तर प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष से विधानसभा भवन, लखनऊ में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष ने पुष्पगुच्छ, प्रतीक चिन्ह और सॉल भेंट कर ऋतु खंडूडी का स्वागत किया। इस अवसर पर दोनों स्पीकर के बीच अपनी-अपनी विधानसभाओं की कार्य संचालन नियमवाली एवं सदन की गतिविधियों के संबंध में विस्तृत चर्चा हुई साथ ही विधानसभाओं की समितियों की कार्यप्रणाली एवं बैठकों के संबंध में भी सकारात्मक वार्ता हुई। वहीं उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ने उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना से विधानसभा सचिवालय को मजबूत करने और नवनिर्वाचित विधायकों के प्रशिक्षण के संबंध में भी बातचीत की। दोनों स्पीकर के बीच ई विधान सभा को लेकर भी चर्चा हुई। इस दौरान उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ने लखनऊ की विधानसभा परिसर का भ्रमण किया एवं सदन, लाइब्रेरी सहित विभिन्न गैलरीयों का अवलोकन भी किया। भेंट मुलाकात के दौरान ऋतु खंडूडी ने उत्तर प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष को चार धाम यात्रा आने का भी निमंत्रण दिया। इस अवसर पर प्रमुख सचिव प्रदीप दुबे, विशेष सचिव मोहम्मद मुशाहिद सहित उत्तर प्रदेश विधानसभा के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## हास्पिटल के गेट से एक्टिवा चोरी

देहरादून। चोरों ने महंत इन्द्रेश हास्पिटल के गेट से एक्टिवा चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार डोईवाला निवासी सुरेखा देवी ने पटेलनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह किसी काम से महंत इन्द्रेश हास्पिटल आयी थी तथा उन्होंने अपनी एक्टिवा हास्पिटल के गेट के पास खडी कर दी थी। लेकिन जब वह थोडी देर बाद वापस आयी तो उन्होंने देखा कि उनकी एक्टिवा वहां से गायब थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## एसबीआई कस्टमर केयर अधिकारी बनकर ठगे एक लाख 67 हजार

संवाददाता

देहरादून। एसबीआई कस्टमर केयर अधिकारी बन एक लाख 67 हजार रूपये ठग लिये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आकृति विहार क्लेमनटाउन निवासी गजेन्द्र सिंह बिष्ट ने साईबर थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसे 27 अप्रैल को आर्मी पब्लिक स्कूल के एप डिजिकेम्पस के माध्यम से अपने लड़के की फीस एसबीआई के इंटरनेट बैंकिग से ऑनलाईन भरी थी। जब मैंने अपना स्टेटमेंट चेक किया तो उसमें से 962.24 डिबेट हो गये थे। लेकिन स्कूल में फोन करने पर पता चला कि फीस के पैसे अभी जमा नहीं हुए हैं। स्कूल के फीस क्लर्क ने बताया कि आप बैंक में जाकर पता करो। इसके बाद उसने गूगल से एसबीआई कस्टमर केयर का नम्बर सर्च किया तो उसको एक नम्बर मिला। जिसपर उसने बात की तो उन्होंने बताया कि उनके पैसे वापस हो जायेगे और उन्होंने उसको एक एप डाउनलोड किया जैसे ही उसने एप डाउनलोड किया उसके खाते से एक लाख 67 हजार रूपये निकल गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# 483वीं जयंती पर महाराणा प्रताप को दी श्रद्धांजलि

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। शिरोमणि महाराणा प्रताप के संघर्ष, साहस, त्याग और देशभक्ति के जज्बे से प्रेरणा लेकर क्षत्रिय समाज को समाजिक हितों के लिए समर्पण भाव से कार्य करना ही इस महानायक को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। क्षत्रिय चेतना मंच की पहल पर उत्तराखंड क्षेत्रीय कल्याण समिति तथा संकल्प शिक्षण एवं कल्याण समिति आदि संगठनों के साथ महाराणा प्रताप चौक रायपुर में महाराणा प्रताप की ४८३ वी जयंती पर इनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुऐ यहा पर आयोजित सभा में वक्ताओं ने यह भी कहा कि आज समाजमेंव्याप्त असमानता, अज्ञान, अशिक्षा, असयोग, वैमनस्यता जैसी बुराइयों को दूर करना तथा पारस्परिक प्रेम, सद्भाव, सहयोग, मित्रता, सेवाभाव और एकजुटता, के साथ मानवीय गुणों का संवर्द्धन क्षत्रिय समाज का महत्वपूर्ण लक्ष्य होना




चाहिए।राष्ट्रीय हित व्यक्तिगत हितों के सामने तुच्छ हैं।कार्यक्रम में धीरज सिंह नेगी, देवेंद्र सिंह पुंडीर, अशोक वर्धन, शशिकांत शाही, मोहन सिंह चौहान, सुरेंद्र सिंह तोमर, राजीव पवार, दिगंबर सिंह नेगी, महावीर सिंह रावत, सुशील त्यागी, हिम्मत सिंह बिष्ट, त्रिलोक सिंह चौहान, सुरेंद्र सिंह चौहान वीरेंद्र सिंह बिष्ट, अमर सिंह अजवान, तेजेंद्र सिंह रावत, दिगंबर सिंह रावत? जय विक्रम सिंह, गोपाल सिंह बिष्ट आदि शामिल थे।

## नशा मुक्ति केन्द्र के पास से स्मैक के साथ गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने नशा मुक्ति केन्द्र के पास नदी से एक युवक को स्मैक के साथ गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सहसपुर थाना पुलिस ने नशा मुक्ति केन्द्र के बगल से नदी के पास एक मोटरसाईकिल सवार युवक को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए देखा तो उसको रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर पकड लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से पौने सात ग्राम स्मैक बरामद कर ली। पूछताछ में उसने अपना नाम अशरफ पुत्र शहीद िनवासी हसनपुर सहसपुर बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## चम्पावत की जनता विधायक नहीं सीएम चुनने जा रहे हैंः जोशी

संवाददाता

चम्पावत। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि चम्पावत की जनता विधायक नहीं मुख्यमंत्री को चुनने जा रही है।



आज यहां कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि चम्पावत की जनता आज विधायक को नहीं मुख्यमंत्री को चुनने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने पुष्कर सिंह धामी को कहा था कि मसूरी से चुनाव लड़े किंतु उन्होंने गोलू देवता की पावन धरती को चुना, यह चम्पावत की महान जनता का ही स्नेह है। मंत्री ने कहा कि यह चुनाव उत्तराखंड के विकास का है। मंत्री ने सैनिक कल्याण एवं कृषि के माध्यम से प्रदेश में चल रही योजनाओं का जिक्र भी अपने सम्बोधन में किया।

# आप्रेशन मर्यादा के तहत 7 पर्यटक दबोचे, वसूला जुर्माना

हमारे संवाददाता

पौड़ी। मां गंगा की पवित्रता को बरकरार रखने के लिए उत्तराखंड पुलिस द्वारा इन दिनों ऑपरेशन मर्यादा अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत प्रतिबंधित गंगा तटों और घाटों पर नहाना वर्जित है साथ ही गंगा किनारे मांस मदिरा के सेवन पर भी रोक लगाई गई है। लेकिन पर्यटक है कि वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे है। इस क्रम में बीते रोज पुलिस ने कड़ी कार्यवाही करते हुए 7 पर्यटको को हिरासत में लेकर उनसे जुर्माना वसूल किया गया है।



जानकारी के अनुसार बीते रोज लक्ष्मण झूला थाना पुलिस ने गाजियाबाद, दिल्ली, रुद्रप्रयाग और देहरादून के सात पर्यटकों को गंगा किनारे नशा करके हुड़दंग करने के दौरान गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार ऑपरेशन मर्यादा के तहत लगातार पुलिस गश्त कर मां गंगा की पवित्रता को ठेस पहुंचाने वाले पर्यटकों की निगरानी कर रही है। रविवार को गोवा बीच पर अलग-अलग राज्यों के सात पर्यटक नशे में गंगा किनारे हुड़दंग मचाते हुए पकड़े गए। जिनकी पहचान अविनाश पुत्र सत्यवीर निवासी दिल्ली, अमित कुमार पुत्र गणेश निवासी देहरादून, विकास सिंह पुत्र रणवीर निवासी रुद्रप्रयाग, आशु शर्मा पुत्र अनिल कुमार निवासी गाजियाबाद, नरेश पुत्र राजेंद्र निवासी दिल्ली, मुकुल पुत्र अजय निवासी गाजियाबाद, पंकज पुत्र तरसेम निवासी दिल्ली के रूप में की गई है।

पुलिस ने सभी पर्यटकों के चालान कर जुर्माना वसूलकर उन्हे भविष्य में दोबारा से इस प्रकार की हरकत नहीं करने का संकल्प भी दिलाया। यही नहीं दूसरे पर्यटकों को भी मां गंगा की पवित्रता बनाए रखने के लिए जागरूक करने की शपथ दिलाई गयी।



## एक नजर

# अचानक जेलेंस्की से मिलने यूक्रेन पहुंचे कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो

कीव। रूस और यूक्रेन के बीच ७५वें दिन भी जंग जारी है। इसी बीच कनाडा के पीएम जस्टिन बीते रोज अचानक यूक्रेन पहुंचे और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से मुलाकात की। उधर, अमेरिकी राष्ट्रपति की पत्नी जिल बाइडन भी अचानक सरप्राइज विजिट कर यूक्रेन पहुंचीं। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने राजधानी कीव में एक साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान ट्रूडो ने कहा कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन युद्ध अपराध के सबसे निचले स्तर के लिए जिम्मेदार हैं। इसकी जवाबदेही तय होनी चाहिए। मैंने पहली बार रूसी हमले की क्रूरता को सामने से देखा है। इससे पहले जस्टिन ट्रूडो ने ट्वीट कर बताया था कि, मैं क्रिस्टिया फ्रीलैंड कनाडा की उप प्रधानमंत्री और मेलानी जोलियू कनाडा की विदेश मंत्री के साथ यूक्रेन में हूं। हम यहां यूक्रेन और उसके लोगों के प्रति अपना समर्थन जाहिर करने आए हैं।राष्ट्रपति जेलेंस्की के लिए हमारा संदेश है कि कनाडा हमेशा यूक्रेन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहेगा। कनाडा के प्रधानमंत्री ने यूक्रेन युद्ध को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से बात भी की थी।



# लॉरी व ऑटो ट्रॉली में भीषण टक्कर, 9 लोगों की जान गई, 17 घायल

हैदराबाद। दक्षिण भारतीय राज्य तेलंगाना में निजामसागर के हसनपल्ली गेट पर बड़ा हादसा हो गया। यहां एक लॉरी एक ऑटो ट्रॉली से टकरा गई, जिसमें ६ लोगों की मौत हो गई। वहीं, १७ लोग घायल भी हुए हैं। कामारेड्डी के एसपी श्रीनिवास रेड्डी ने हादसे के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि, हादसे का शिकार हुए लोग येलारेड्डी के एक समारोह में भाग लेकर लौट रहे थे। हादसे के बाद पुलिस जांच–पड़ताल में जुटी है। एसपी श्रीनिवास रेड्डी ने कहा कि, इस घटना के बाद मामला दर्ज किया गया है और आरोपी चालक की पहचान कर ली गई है। उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। इस हादसे पर तेलंगाना के मुख्यमंत्री ने दुख जताया है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदनाएं जाहिर की हैं। इस हादसे के बारे में प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट किया, तेलंगाना के कामारेड्डी जिले में हुए हादसे में लोगों की मौत से व्यथित हूं। मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना जाहिर करता हूं। साथ घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं।




# बीएसएफ ने पाकिस्तानी ड्रोन को मार गिराया, 9 पैकेट ड्रग्स बरामद

नई दिल्ली । पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। पहले तो वो तारबंदी के नीचे सुरंग बनाकर तस्करी करवाता था, लेकिन अब उसने तकनीकी का इस्तेमाल शुरू कर दिया है। रविवार को एक बार फिर पाकिस्तानी ड्रोन ने भारतीय सीमा में घुसपैठ करने की कोशिश की, लेकिन सतर्क जवानों ने उसे नाकाम कर दिया। साथ ही उस पर रखा तस्करी का सामान भी जब्त किया। पूरे इलाके में सर्च अभियान चलाकर जांच की जा रही है। बीएसएफ पंजाब फ्रंटियर के मुताबिक अमृतसर में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास जवानों ने एक पाकिस्तानी ड्रोन को मार गिराया। वो सीमा की दूसरी ओर से घुसपैठ कर रहा था। इससे ६ पैकेट बरामद हुए हैं, जिनका वजन १०.६७ किलोग्राम है। इन पैकेट्स में हेरोइन होने का संदेह है। वहीं बीएसएफ की कार्रवाई में ड्रोन के परखच्चे उड़ गए। उसकी भी जांच की जा रही है। साथ ही आसपास के सेक्टर में अलर्ट घोषित कर दिया गया। आपको बता दें कि अभी १० दिन पहले भी ऐसी घटना घटी थी, जहां २६ अप्रैल को एक ड्रोन को अमृतसर में ढेर किया गया। ये ड्रोन भी पाकिस्तान की ओर से आ रहा था। उस दौरान बीएसएफ ने बताया था कि ड्रोन अमृतसर सेक्टर के धनो कलां गांव में घुसने की कोशिश कर रहा था, तभी जवानों ने उसकी आवाज सुनी।



# चंपावत के लोगों के लगाव व प्यार ने किया चंपावत आने पर मजबूरः धामी

विशेष संवाददाता

चंपावत। अपना नामांकन पत्र भरने के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज यहां बस स्टैंड के पास एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि चंपावत के लोगों के प्यार और लगाव ने उन्हें चंपावत से चुनाव लड़ने पर मजबूर कर दिया।

कैलाश गहतोड़ी का आभार जताते हुए सीएम धामी ने कहा कि जिनको आपने बनाया था उन्होंने मुझे बनाने की ऐसी जिद ठान ली कि वह विधायक का शपथ लेने के बाद विधानमंडल की बैठक और विधानसभा तक एक बार भी नहीं गए, रात के एक बजे तक मेरे पास बैठे रहे। उन्होंने कहा कि मैंने बचपन में अपने बुजुर्गों से सुना था कि चंपावत के लोग बहुत अच्छे होते हैं। मैं जब चंपावत से चुनाव लड़ना नहीं चाहता था तो गहतोड़ी ने मुझसे कहा कि ठीक है मत लड़ना एक बार मां पूर्णागिरि के दर्शन करने आ जाओ और मैं जब यहां आया तो आप लोगों का जो प्यार देखा, लगाव देखा तो मैंने भी इस प्रस्ताव को मां पूर्णागिरि की इच्छा मान लिया और आपकी सेवा का मौका मुझे मिला।



उन्होंने कहा कि मैं तो खटीमा से चुनाव हार गया था। मैंने सोचा भी नहीं था कि पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व चुनाव हारने के बाद भी मुझे इतनी बड़ी जिम्मेवारी दे सकता है। जिम्मेवारी तो मिल गई लेकिन इसे पूरा करने के लिए फिर चुनाव लड़ने और जीतने की जिम्मेवारी भी आ गई। मुझे नहीं पता था कि यह कैसे पूरी होगी लेकिन अब गोल्ज्यू देवता व मां पूर्णागिरि ने इसका भी रास्ता दिखा दिया है। उन्होंने कहा कि मेरे लिए तो अपनी पार्टी के ही नहीं दूसरी पार्टियों के विधायक भी अपनी सीट छोड़ने को तैयार थे। लेकिन आपके प्यार और लगाव के सामने सब छोटे पड़ गए। उन्होंने कहा कि चंपावत की सेवा में संकल्प के साथ मैं आपके बीच आया हूं और मुझे आपका जो सहयोग व समर्थन मिल रहा है उसके लिए आपका आभारी हूं।

## 40 हजार से भी अधिक मतों से जीतेंगेः टम्टा

चंपावत। सांसद अजय टम्टा का कहना है कि मैंने बहुत से चुनाव लड़े हैं और लड़वाने का अनुभव है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को जिस तरह का समर्थन मिलता देख रहा हूं वह रिकॉर्ड मतों से चुनाव जीतकर एक नया इतिहास लिखने जा रहे हैं। उनके अनुसार धामी 40 हजार से भी अधिक मतों से इस चुनाव में जीत दर्ज कर सकते हैं। उधर प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक का कहना है कि भाजपा के लिए इस चुनाव में कांग्रेस से कोई चुनौती नहीं है। हमारे नेता व कार्यकर्ता से लेकर पन्ना प्रमुख तक सभी जी जान से जुटे हैं हम बड़ी जीत दर्ज करेंगे।

# अन्तर्राज्यीय अस्लाह तस्करी गैंग का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

उधमसिंहनगर। अन्तर्राज्यीय अस्लाह तस्करी गैंग का भंडाफोड़ करते हुए पुलिस ने गैंग के दो सदस्यों सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने कई तमंचे व भारी मात्रा में कारतूस भी बरामद किये गये है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी ने बताया कि बीते रोज एसओजी उधमसिंहनगर को सूचना मिली कि मुरादाबाद और बिलासपुर से यश ठाकुर व प्रदीप राजपूत नाम के लड़कों द्वारा थाना ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र में कई दिनों से उत्तर प्रदेश से लाकर अवैध अस्लाहों की तस्करी की जा रही है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए एस.ओ.जी. टीम द्वारा बीते रोज रामपुर बार्डर बराड़ कालोनी तिराहे से अस्लाह तस्कर प्रदीप राजपूत पुत्र सुन्दर लाल उर्फ शिव शंकर निवासी सिंह कालोनी बिलासपुर जिला रामपुर (उ.प्र.) हाल निवासी राजा कालोनी थाना ट्रांजिट कैम्प व यश ठाकुर उर्फ जगुवार पुत्र सुनील सिंह निवासी ओ.वी.डी. स्कूल के पास पीतल नगरी मुरादाबाद को पांच तमंचों 315 बोर व 10 कारतूस 315 बोर व 67 कारतूस रिवाल्वर, 6 कारतूस 22 बोर, दो मोबाइल व एक बाइक सहित गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में उन्होने बताया कि यह अवैध अस्लाह और कारतूस थाना ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र के राजा कालोनी निवासी रोहित शर्मा को देने जा रहे थे। रोहित शर्मा के घर दबिश दी तो वह अपने घर से फरार हो गया। पूछताछ में अभियुक्त प्रदीप राजपूत द्वारा थाना ट्रांजिट कैम्प से अमित की हत्या में जेल गये मुख्य आरोपी रोहित सरकार पुत्र विजय सरकार निवासी मेडिकल गली थाना ट्रांजिट कैम्प के साथ अपने करीबी सम्बन्ध होने और उसी के साथ जरायम की दुनिया में कदम रखने की बात बतायी। प्रदीप राजपूत ने ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र के ही अपराधी प्रमोद राठौर व नन्द्र पुत्र सालीराम, सत्ता कोली निवासी रम्पुरा रुद्रपुर से रोहित सरकार के माध्यम से मित्रता होने व रुद्रपुर ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र में कई लोगों को अवैध अस्लाह एवं कारतूस मुहैया कराने की बात कबूली तथा प्रदीप राजपूत ने यह भी बताया कि उसने पूर्व में हत्या के मुकदमे में जेल गये रोहित सरकार को भी अस्लाह उपलब्ध कराये थे। एसओजी टीम ने आरोपियों की निशानदेही पर रवि राय पुत्र रामा राय निवासी शारदा कालोनी थाना बिलासपुर जनपद रामपुर से एक अवैध पिस्टल व एक जिन्दा कारतूस 32 बोर बरामद किया। आरोपी द्वारा उक्त पिस्टल अपने मूल निवास लधौरा मुजफ्फरपुर बिहार से लाने की बात बतायी गयी है। एसओजी टीम ने उन्हे सम्बन्धित धाराओं में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया गया है।



❑कई अवैध तमंचे व भारी मात्रा में कारतूस बरामद

## नामांकन से पूर्व धामी का...

▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

मंत्री धन सिंह रावत व रेखा आर्य सहित अनेक लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक ने कहा कि भाजपा इस चुनाव में बड़े अंतर से जीत दर्ज करने जा रही है।

# कार की साईड लगने से मारपीट कर घायल किया

देहरादून (सं)। कार की साईड लगने से दूसरी कार सवार युवकों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार माजरा निवासी आदित्य नारायण ने राजपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह चार मई को पांच बजे के करीब देहराइन जू के समीप इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के नाजदीक से राजपुर अपने वाहन मारुती इगनिस से राजपुर जा रहा था। उसके वाहन के आगे चल रहे वाहन मारुती सेलेरियो ने अचानक ब्रेक लगा दिये जिससे कि उसके वाहन से हल्की सी साइड आगे चल रहे वाहन में लग गई इतने में आगे चल रहे वाहन के चालक द्वारा उससे गाली गलोच की। जाने लगी एवं उसे बाहर आने की धमकी दी गई । उसके द्वारा अपना वाहन साईड लगाकर बाहर आया गया। कार चालक के द्वारा अपने साथियों को बुलाकर अचानक हमला बोल दिया और वह लोग बड़ी बेरहमी से मारने पीटने लगे।

आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

कानूनी सलाहकारः
वी के अरोड़ा, एडवोकेट
बैजनाथ, एडवोकेट

कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।
मो. 9358134808

*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*